**No.: CBSE/CTET/Dec-2022** **Dated: 20.10.2022**

**PUBLIC NOTICE**

The Central Board of Secondary Education will conduct 16th edition of Central Teacher Eligibility Test (CTET) in **CBT (Computer Based Test - Online)** mode between December, 2022 to January, 2023 The exact date of examination will be mentioned on the admit cards of the candidates. The detailed Information Bulletin containing details of examination, syllabus, languages, eligibility criteria, examination fee, examination cities and important dates will be available on CTET official website **https://ctet.nic.in** soon and the aspiring candidates are requested to download the Information Bulletin from the above mentioned website only and read the same carefully before applying. The aspiring candidates have to apply online only through CTET website i.e. **https://ctet.nic.in**. The online application-process will be start from **31-10-2022** (Monday) onwards and the last date for submitting online application is **24-11-2022** (Thursday) upto 23:59 hrs. The fee can be paid upto **25-11-2022** (Friday) before 15:30 hrs.

The application fee applicable for CTET Dec-2022 is as under:

| Category | Only Paper I or II | Both Paper I & II |
|---|---|---|
| General/OBC | Rs. 1000/- | Rs. 1200/- |
| SC/ST/Diff. Abled Person | Rs. 500/- | Rs. 600/- |

**The candidates must note that the examination city of their choice will be allotted on first cum first served basis only as per availability of capacity in the city of examination. The candidates, who complete the online application process and pay the fee on first cum first served basis, will be allotted the examination city of their choice as per availability in that particular city. The total capacity in a particular city will also be available on the portal. If the total capacity of a particular city is full during completion of application process or making payment of examination fee or updation of transaction on portal, the candidate will be given the option either to select any other city or cancel the transaction. If a candidate cancels the transaction, full fee will be refunded to his/her account as per mode of payment and application will not be considered for this examination of CTET. The request for change of examination city will not be accepted in any case.**

**It may also be noted that if the total capacity is full in a particular city while filling on-line application, the candidate has no right to claim for the allotment of examination center in that particular city and Board will not be responsible for it.**

**So the candidates are advised to complete their application process without waiting for last date.**

**Director (CTET)**

नं: सीबीएसई/सीटीईटी/दिसंबर-2022 दिनांक: 20.10.2022

सार्वजनिक सूचना

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) के 16 वें संस्करण की परीक्षा सीबीटी (कंप्यूटर आधारित टेस्ट - ऑनलाइन) मोड में दिसम्बर 2022 से जनवरी 2023 के बीच आयोजित की जायेगी। उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र पर परीक्षा की सटीक तारीख की सूचना दी जाएगी। विस्तृत सूचना बुलेटिन जिसमें परीक्षा, पाठ्यक्रम, भाषा, पात्रता मानदंड, परीक्षा शुल्क, परीक्षा शहर और महत्वपूर्ण तिथियों का विवरण सीटीईटी की आधिकारिक वेबसाइट https://ctet.nic.in शीघ्र ही उपलब्ध होगा और इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि केवल उपर्युक्त वेबसाइट से सूचना बुलेटिन डाउनलोड करें और आवेदन करने से पहले इसे ध्यान से पढ़ें। इच्छुक उम्मीदवारों को केवल सीटीईटी वेबसाइट यानी https://ctet.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन-प्रक्रिया **31-10-2022** (गुरुवार) से शुरू होगी और ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **24-11-2022** (गुरुवार) 23:59 बजे तक है। शुल्क का भुगतान **25-11-2022** (शुक्रवार) तक 15:30 बजे से पहले किया जा सकता है।

केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) दिसम्बर -2022 के लिए लागू आवेदन शुल्क निम्नानुसार है:

| श्रेणी | पेपर I या पेपर II | दोनों पेपर I और पेपर II |
|---|---|---|
| सामान्य/ओबीसी | रूपये1000/- | रूपये 1200/- |
| एससी/एसटी/विकलांग | रूपये 500/- | रूपये 600/- |

उम्मीदवार यह भी ध्यान रखें कि परीक्षा शहर में क्षमता की उपलब्धता के अनुसार, उनको परीक्षा के शहर का विकल्प केवल ऑनलाइन आवेदन भरते समय **पहले आओ पहले पाओ** आधार पर उपलब्ध होगा। जो उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र पूर्ण करके परीक्षा शुल्क का भुगतान करे देंगे उनको पहले आओ पहले पाओ आधार पर उस विशेष शहर में उपलब्धता के अनुसार परीक्षा के शहर का आबंटन किया जाएगा। किसी विशेष शहर में कुल क्षमता भी पोर्टल पर उपलब्ध होगी। आवेदन पत्र भरते समय या परीक्षा शुल्क भुगतान करते समय या परीक्षा शुल्क पोर्टल पर अपडेट होने के दौरान यदि किसी विशेष शहर की कुल क्षमता पूर्ण हो जाती है, तो उम्मीदवार को या तो किसी अन्य शहर का चयन करने या भुगतान को रद्द करने का विकल्प दिया जाएगा। यदि कोई

उम्मीदवार भुगतान को रद्द कर देता है, तो उसके भुगतान के तरीके के अनुसार उसके खाते में पूरा शुल्क वापस कर दिया जाएगा और सीटीईटी की इस परीक्षा के लिए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी दशा में परीक्षा के शहर में परिवर्तन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

उम्मीदवार कृपया यह भी ध्यान रखें कि यदि ऑनलाइन आवेदन भरते समय किसी विशेष शहर में कुल क्षमता पूर्ण हो जाती है, तो उम्मीदवार को उस विशेष शहर में परीक्षा केंद्र के आबंटन के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं है और बोर्ड इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। अत: आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना अपनी आवेदन प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करें|

निदेशक(के .**शि.**पा.प.)